## बिहार सरकार,
## स्वास्थ्य विभाग।

संоसंо–5/सूचना–23–04/2015– 885 (5)/स्वाо, पटना, दिनांकः–20/07/2023

## आदेश

डा0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार के वार्द्धक्य सेवानिवृति के फलस्वरूप डा0 पृथ्वी राज, अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें को विभागीय कौशल विकास मिशन कोषांग का प्रभारी पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलों में प्रथम स्तर का पदाधिकारी नामित किया जाता है।

2– डा0 राज कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण देने हेतु प्राधिकृत प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों के साथ समझौता विपत्र (MOU) पर हस्ताक्षर करने हेतु विभाग के स्तर पर प्राधिकृत होंगे।

3– डा0 राज द्वारा आपदा से संबंधित संचिकायें निदेशक प्रमुख (मानसिक रोग, आपदा प्रबंधन, खाद्य एवं औषधि नियंत्रण) के माध्यम से उपस्थापित की जाएगी।

4– यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

5– पूर्व निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

6– प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
19/07/2023
(अंजनी कुमार सिन्हा)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–5/ सूचना–23–04/2015– 885 (5)/स्वाо, पटना, दिनांकः–20/07/2023

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार/प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0/श्री सुधीर कुमार, संयुक्त सचिव/उप सचिव/सभी निदेशक प्रमुख/निदेशक, दे0चि0/राज्य औषधि नियंत्रक/सभी अवर सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अपर निदेशक/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/07/2023
सरकार के अवर सचिव।